KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

कक्षा-12

इतिहास

ब्लूप्रिंट पर आधारित अतिमहत्वपूर्ण प्रश्न

REVISION WITH QUESTIONS - 3

प्रीतेश जोशी

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER



KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

प्रश्नों के प्रकार और अंक

क्र. सं	प्रश्नों का प्रकार	प्रश्नों की संख्या	अंक प्रति प्रश्न	कुल अंक
1	वस्तुनिष्ठ	14	01	14
2	रिक्त स्थान	7	01	7
3	अतिलघुत्तरात्मक	10	01	10
4	लघुत्तरात्मक	12	02	24
5	दीर्घउत्तरीय	4	03	12
6	निबंधात्मक	2 + 1	4 + 5	13
	योग	50		80

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

विषय वस्तु का अंकभार

क्र. सं	विषय वस्तु	अंकभार
1	हडप्पा सभ्यता (ईंटे, मनके व अस्थियां)	06
2	आरंभिक राज्य और अर्थव्यवस्थाएं - राजा किसान और नगर	06
3	बंधुत्व जाति तथा वर्ग (लगभग 600 ई.पू.से 600 ई.)	06
4	विचारक, विश्वास और इमारतें	07
5	यात्रियों के नजरिए - समाज के बारे में उनकी समझ	06
6	भक्ति सूफी परंपराएं - धार्मिक विश्वासों में बदलाव और श्रद्धाग्रंथे	07
7	एक साम्राज्य की राजधानी बिजयनगर (14 वीं से 16 वीं सदी तक)	06

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

विषय वस्तु का अंकभार

क्र. सं	विषय वस्तु	अंकभार
8	किसान जमींदार और राज्य कृषि समाज और मुगल साम्राज्य	06
9	उपनिवेशवाद और देहात-सरकारी, अभिलेखो का अध्ययन	06
10	विद्रोही और राज-1857 का आंदोलन और उसके व्याख्यान	06
11	महात्मा गांधी और राष्ट्रीय आंदोलन-सविनम अवज्ञा और उससे आगे	07
12	संविधान का निर्माण-एक नए युग की शुरुआत	06
13	मानचित्र कार्य	05

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER



KOLORS
make life better

भारतीय इतिहास के कुछ विषय

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

Q.1 हडप्पा सभ्यता के किस स्थल से जुते हुए खेत के साक्ष्य मिले हैं?

A मोहनजोदडो

B कालीबंगा

C चन्हुदडो

D लोथल



Q.2 निम्नलिखित में से कौन स्त्री अलवार संत है ?



A संबंदर

B अंडाल

C सुन्दरार

D सभी

KOLORS
make life better

भारतीय इतिहास के कुछ विषय

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

Q.3 खालसा पंथ की स्थापना किसने की थी?



A गुरुनानक

B गुरु गोविंद

C गुरु तेजबहादुर

D गुरु अर्जुनसिंह

KOLORS
make life better

भारतीय इतिहास के कुछ विषय

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

Q.4 विजयनगर साम्राज्य की स्थापना किसने की थी ?

1336

A हरिहर

B कृष्णदेव राय

C देवराज

D हरिहर व बुक्का

KOLORS
make life better

भारतीय इतिहास के कुछ विषय

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

Q.5 हम्पी के भग्नावशेषों की खोज किसने की?

A कनिंघम → A S I
भा पु वि

B जान मार्शल → १९२०

C एस.आर.राव

D कॉलिन मैकेन्जी

KOLORS
make life better

भारतीय इतिहास के कुछ विषय

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

Q.6 1857 की क्रांति के समय भारत का गवर्नर जनरल कौन था?

(A) लार्ड कैनिंग

(B) लार्ड रिपन

(C) लार्ड डलहौजी

(D) लार्ड लिटन

KOLORS
make life better

भारतीय इतिहास के कुछ विषय

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

Q.7 सहायक सन्धि प्रथा किसने आरम्भ की?

(A) वैलेजली

(B) लार्ड डलहौजी → गोद निषेध

(C) लार्ड रिपन

(D) लार्ड लिटन

शस्त्र
सेना

कैबिनेट मिशन

Q.8 संविधान सभा का प्रथम अधिवेशन कब प्रारम्भ हुआ?

A 26 जुलाई, 1946

B 9 दिसम्बर, 1946

C 11 दिसम्बर, 1946

D 13 दिसम्बर, 1946

Q.9 "दक्षिण में हिन्दी का विरोध बहुत अधिक है" यह कथन किसका है ?



A पं. नेहरू

B दुर्गाबाई

C बेगम एजाज रसूल

D राजेन्द्र प्रसाद

KOLORS
make life better

भारतीय इतिहास के कुछ विषय

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

Q.10 संविधान सभा के अस्थाई अध्यक्ष कौन थे?

→ शपथ
→ स्थायी

A डॉ. सच्चिनान्द सिन्हा

B पं. नेहरू

C बी.आर.अम्बेडकर → प्रारूप



D गांधी

KOLORS
make life better

भारतीय इतिहास के कुछ विषय

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

Q.11 'प्रयाग-प्रशस्ति' के रचयिता कौन है?

(इलाहाबाद स्तंभ)



A कल्हण

B बाणभट्ट

C हरिषेण → समुद्रगुप्त

D चाणक्य

KOLORS
make life better

भारतीय इतिहास के कुछ विषय

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

Q.12 महाभारत के रचयिता है–



A वाल्मीकी → रामायण

B वेदव्यास

C विश्वामित्र

D वशिष्ठ

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER



भारतीय इतिहास के कुछ विषय

Q.13 धम्म के प्रचार के लिए अशोक ने

* धम्म महामात्र ..... नामक विशेष अधिकारियों की नियुक्ति की।

Q.14 महाभारत की मूल कथा के रचयिता

..... भाट ..... थे।

KOLORS
make life better

भारतीय इतिहास के कुछ विषय

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

Q.15 1919 ई. में संस्कृत के प्रसिद्ध विद्वान वी. एस. सुकथांकर ..... के नेतृत्व में महाभारत के समालोचनात्मक संस्करण को तैयार करने की महत्वाकांक्षी परियोजना की शुरुआत हुई।

Q.16 बौद्ध दर्शन के अनुसार विश्व ~~.....~~ अनित्य है।

KOLORS
make life better

भारतीय इतिहास के कुछ विषय

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

Q.17 कांस्य में ढाली गई नटराज शिव की प्रतिमाओं का निर्माण ..... शासन काल में हुआ।

Q सरदारियों

चोल

1565

Q.18 तालीकोटा के युद्ध में विजयनगर की सेना का नेतृत्व प्रधानमंत्री ..... ने किया।

रामराय

Q.19 मुगल प्रांत के प्रशासनिक मंडल को ..... कहते है।



सरकार — परगना

KOLORS®
make life better

missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER

वस्तुनिष्ठ

a) वी·एस सुकंयाकर

रिक्त स्थान

वी·एस·सुकंयाकर

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

1 शब्द
1 लाइन

अतिलघुत्तरात्मक

1

Q.20 हडप्पाई लिपि में चिन्हों की कुल कितनी संख्या थी ?



KOLORS
make life better

भारतीय इतिहास के कुछ विषय

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

उत्तर : 375 – 400



Q.21 सुदर्शन झील का निर्माण किसने और किस शासक के शासनकाल में करवाया था ?



भारतीय इतिहास के कुछ विषय

उत्तर :



पुष्यगुप्त वैश्य द्वारा चन्द्रगुप्त मौर्य के शासनकाल

Q.22 किस राजवंश में राजाओं के नाम से पूर्व माताओं का नाम लिखा जाता था।



उत्तर : सतवाहन



Q.23 वर्ण एवं जाति में क्या अन्तर है?



KOLORS
make life better

भारतीय इतिहास के कुछ विषय

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

उत्तर :

	वर्ण	जाति
संख्या	4	अनिश्चित
आधार	दैवीय	जन्म

Q.24 बे-शरिया और बा-शरिया कौन थे?



उत्तर : बे-शरिया : शरिया कानून की अवहेलना करने वाले सूफी संत।

बा-शरिया: शरिया कानून का पालन करने वाले सूफी संत।

Q.25 'खानकाह' क्या था?



उत्तर :

- सूफी संतों के रहने का स्थान
- सामाजिक जीवन का केन्द्र



Q.26 कौनसा अभिलेख भूमिदान की पुष्टि करता है?



क्यों?

1) विस्तार
2) धर्म ↑
3) ताकत

प्रभावती गुप्त ताम्रपत्र

गुप्त वंश II

उत्तर : दंगुन अभिलेख



II गोलमेज सम्मेलन

Q.27 राष्ट्रीय आन्दोलन में दलितों के लिए पृथक निर्वाचन की मांग किसने की थी?



KOLORS
make life better

भारतीय इतिहास के कुछ विषय

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

PM- रैमज़े मैकडॉनाल्ड

उत्तर : बी. आर. अम्बेडकर

+

गांधी जी → भूख हड़ताल

→ पूना समझौते

पूना → येरवाडा जेल

1) पृथक निर्वाचन ✗

2) सामान्य आरक्षण ✓

KOLORS
make life better

भारतीय इतिहास के कुछ विषय

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

Q.28 संविधान निर्माण का उद्देश्य प्रस्ताव किसने प्रस्तुत किया?

प्रस्तावना

13 दिसम्बर 1946

जवाहर लाल नेहरू जी

संविधान कैसा?

उत्तर : जवाहरलाल नेहरू



Q.29 गाँधी जी को 'महात्मा' की उपाधि किसने की थी?



उत्तर : रवीन्द्रनाथ टैगोर



Q.30 ताराबाद क्या था ?



उत्तर : दौलताबाद में पुरूष और महिला गायकों के लिए एक बाज़ार



Q.31 'किताब-उल-हिंदी' पुस्तक कि विषय वस्तु क्या है ?



KOLORS
make life better

भारतीय इतिहास के कुछ विषय

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

उत्तर : धर्म, दर्शन, त्योहार, खगोल विज्ञान, रीति रिवाज, सामाजिक जीवन, भारतौल और मापन विधियाँ, मूर्तिकला, मापतंत्र विज्ञान।

Q.32 भारतीय संविधान निर्माण के समय संवैधानिक सलाहकार कौन थे?



उत्तर : बी.एन. राव



Q.33 महाभारत का समालोचनात्मक संस्करण का कार्य किसके नेतृत्व में प्रारम्भ किया गया था?



उत्तर : वी. एस. सुकंथाकर



Q.34 हडप्पा सभ्यता के किस स्थान से नहरों के अवशेष मिले हैं?

मोहनजोदड़ो
700 कुएँ
पुरोहित

स्थल — क्या
चान्हूदड़ो — मनके कारखाना
नहरें — शोर्तुघई
लोथल — लोथल
रंगपुर — धोलावीरा
आलमगीरपुर — सीप

उत्तर : शोर्तुगई, अफगानिस्तान





Q.35 महात्मा गांधी की दाण्डी यात्रा कहाँ से और कब शुरू हुई थी?

उत्तर :



- साबरमति आश्रम (अहमदाबाद) से दांडी (नवसारी) (गुजरात)
- 12 मार्च 1930

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER



Q.36 थेरीगाथा के बारे में आप क्या जानते हैं?



भारतीय इतिहास के कुछ विषय



उत्तर :

- थेरी गाथा बौद्ध ग्रन्थ सुत्त पिटक का एक भाग है जिसके अन्तर्गत भिक्षुणियों द्वारा रचित छन्दों का संकलन किया गया है।
- इससे उस समय की महिलाओं के सामाजिक एवं आध्यात्मिक जीवन के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त होती है।

Q.37 भौतिकवादी/लोकायत परंपरा के सिद्धांतों का वर्णन कीजिए ?



उत्तर :

- भौतिकवादी सिद्धांत के अनुसार कार्यों का पुण्य या पाप के रूप में कोई संचित फल नहीं मिलता, मृत्यु के बाद सब कुछ नष्ट हो जाता है।
- शरीर के पांचों तत्व मरने के बाद ब्रह्माण्डीय तत्त्वों में विलीन हो जाते हैं तथा पुनर्जन्म नहीं होता।

Q.38 बर्नियर के अनुसार उपमहाद्वीप में किसानों को किन-किन समस्याओं से जूझना पड़ता था?



उत्तर : फ्रांस्वा बर्नियर ने भारत के कृषकों की शोचनीय दशा का वर्णन किया है।

(i) उपजाऊ कृषि क्षेत्र बहुत ही सीमित थे। अधिकांश भूमि बंजर तथा रेतीली थी।

(ii) कृषि योग्य भूमि का एक बड़ा भाग श्रमिकों के अभाव में कृषि विहिन रह जाता है।

(iii) गवर्नर श्रमिकों व किसानों पर अत्यधिक अत्याचार करते हैं और इस अत्याचार के कारण श्रमिकों की मौत हो जाती थी।



(iv) गरीब किसान लोग अपने लालची स्वामियों की मांगों को पूरा करने में असमर्थ हो जाते हैं, तो उन्हें जीविका के साधनों के साथ-साथ अपने बच्चों से भी हाथ धोना पड़ता हैं। उनके बच्चों को दास बना लिया जाता है।

Q.39 इब्न बतूता ने दास-दासियों का वर्णन किस प्रकार किया हैं?





उत्तर : इब्न बतूता के अनुसार बाजारों में दास किसी भी अन्य वस्तु की तरह खुले आम बेचे जाते थे और नियमित रूप से भेंट स्वरूप दिए जाते थे।

दासों में काफी विभेद था। जैसे-

- सुल्तान की सेवा में कार्यरत कुछ दासियां संगीत गायन में निपुण थीं।
- सुल्तान अपने अमीरों पर नजर रखने के लिए दासियों को भी नियुक्त करता था।

KOLORS
make life better

भारतीय इतिहास के कुछ विषय

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

- दासों को सामान्यतः घरेलू श्रम के लिए ही इस्तेमाल किया जाता था।
- दासों की कीमत, विशेष रूप से उन दासियों की जिनकी आवश्यकता घरेलू श्रम के लिए थी, बहुत कम होती थी।

रिटला

Q.40 इब्न बतूता किस आधार पर यह बताता है कि उस समय यात्रा करना बहुत असुरक्षित था।



उत्तर : कई प्रकार की कठिनाइयाँ यात्रा में व्यवधान डालती थीं। जैसे-

- यात्रा में चोर, लुटेरों, समुद्री डाकुओं, जंगली जीवों, बीमारियों का भय रहता था तथा यात्रा के साधन भी नहीं थे।
- इब्न बतूता के अनुसार मुल्तान से दिल्ली की यात्रा में चालीस और सिन्ध से दिल्ली की यात्रा में लगभग पचास दिन का समय लगता था।

अकेलापन + ज्वर

दौलताबाद से दिल्ली की दूरी चालीस, जबकि ग्वालियर से दिल्ली की दूरी दस दिन में तय की जा सकती थी। जब वह मुल्तान से दिल्ली की यात्रा पर था तो रास्ते में डाकुओं ने उसके कारवाँ पर हमला बोल दिया. इब्न बतूता बुरी तरह घायल हो गया और कई सहयात्रियों की डाकुओं ने हत्या कर दी।



Q.41 विजयनगर में कृषि क्षेत्रों को किलेबंद भू-भाग में क्यो समाहित किया जाता था ?



2 उदाहरण।

1. * →
2. * →

उत्तर :

(i) मध्यकालीन घेराबंदियों का मुख्य उद्देश्य प्रतिपक्ष को खाद्य सामग्री से वंचित कर समर्पण के लिए बाध्य करना था।

(ii) ये घेराबंदिया कई महिनों या वर्षों तक चल सकती थी। ऐसी परिस्थितियों से निपटने के लिए किलेबंद क्षेत्रों के भीतर ही विशाल अन्नागारों का निर्माण करवाते थे।

(iii) पूरे कृषि भू-भाग को बचाने के लिए अधिक व्यापक एव महंगी नीति को अपनाया।

कृषि
पशुपालन

Q.42 विजयनगर साम्राज्य में महानवमी डिब्बा का क्या धार्मिक महत्व था?



→ अनुष्ठान - यज्ञ
→ पशु बलि
→ देवता → वार्षिकोत्सव

अमरनायक

उत्तर :

(i) यह ऊँचे स्थान पर निर्मित विशालकाय मंच है जिसका आधार उभारदार उत्कीर्णन से पटा पड़ा है।

(ii) इसका उपयोग शासक अपने रुतबे, ताकत तथा अधिराज्य का प्रदर्शन करने में करते थे।

(iii) इससे जुड़े अनुष्ठान दस दिन के हिंदू त्यौहार दशहरा, नवरात्री या महानवमी नामों से होता था।

(iv) इसके अनुष्ठान में मूर्तिपूजा, अश्व पूजा तथा भैसों की बली दी जाती थी।

(v) नृत्य, कुश्ती, साज लगें घोड़ो, हाथियों, रथों एवं सैनिकों की शोभायात्रा होती थी।

Q.43 फ्रांसिस बुकानन कौन थे?



उत्तर : फ्रांसिस बुकानन एक चिकित्सक थे जिन्होने बंगाल चिकित्सा सेवा में (1794 से 1815 तक) कार्य किया। ये कुछ वर्षों तक भारत के गर्वनर जनरल लार्ड वेलेजली के शल्य चिकित्सक रहे। इन्होने कलकत्ता में कलकत्ता अलीपुर चिड़ियाघर की स्थापना की। बंगाल सरकार के अनुरोध पर उन्होने ब्रिटिश इण्डिया कंपनी के अधिकार क्षेत्र मे आने वाली भूमि का विस्तृत सर्वेक्षण किया।

Q.44 संथाल विद्रोह के कोई दो कारण बताइए।



उत्तर :

(i) संथालो ने जिस जमीन को साफ करके खेती शुरू की थी, उस पर सरकार (राज्य) भारी कर लगा रही थी।

(ii) साहूकार (दिकू) लोग बहुत ऊंची दर पर ब्याज लगा रहे थे और कर्ज अदा न किए जाने पर जमीन पर ही कब्जा कर रहे थे।

Q.45 संथाल विद्रोह के कोई दो परिणाम बताइए।



उत्तर :

(i) 1855-1856 के संथाल विद्रोह के बाद संथाल परगने का निर्माण कर दिया गया जिसके लिए 5500 वर्गमील का क्षेत्र भागलपुर और बीरभूम जिलों में से लिया गया।

(ii) संथाल परगने में संथालों के लिए कुछ विशेष कानून लागू किए गए।

Q.46 रैयतवाड़ी व्यवस्था की कोई दो मुख्य शर्तें बताइए।



उत्तर :

(i) बम्बई दक्कन में 1820 के दशक में लागू की गई रैयतवाड़ी व्यवस्था मे भू-राजस्व वसूली का कार्य सीधा रैयत (किसान) से किया जाता था।

(ii) इस व्यवस्था में भू-राजस्व 30 वर्षों के लिए नियत किया गया था।



Q.47 रैयतवाड़ी व्यवस्था की कोई दो कमियां बताइए।



उत्तर :

(i) रैयतवाड़ी व्यवस्था में मांगा गया राजस्व बहुत अधिक था जिसे किसान चूकाने में असमर्थ थे।

(ii) सूखे व कम वर्षा की स्थिति में भी औपनिवेशिक अधिकारियों द्वारा निर्धारित भू-राजस्व में कोई छूट नहीं दी जाती थी और उसे कठोरतापूर्वक वसूला जाता था।

Q.48 अमेरिकी गृहयुद्ध ने भारत में रैयत समुदाय के जीवन को कैसे प्रभावित किया?



उत्तर : अमेरिकी गृहयुद्ध से पहले ब्रिटेन अमेरिकी कपास पर निर्भर था जो गृहयुद्ध से प्रभावित हुआ इसलिए भारतीय रैयतों को कपास की कृषि के लिए प्रोत्साहन दिया गया, कृषि क्षेत्र का विस्तार किया गया। इस कारण भारतीय रैयतों की आमदनी में इजाफा हुआ तथा रैयत धनवान होने लगे।

Q.49 दक्कन के रैयत ऋणदाताओं के प्रति कुद्ध क्यों थे ?





उत्तर :

(i) ऋणदाता वर्ग संवेदनहीन हो गया था, यह रैयतों की ~~खा था~~।

(ii) ऋणदाता देहात के प्रथागत मानकों का भी उल्लंघन कर रहे थे।

(iii) सामान्य मानक यह था कि ब्याज मूलधन से अधिक नहीं लिया जा सकता था लेकिन ऐसा नहीं हो रहा था।

Q.50 अंग्रेजों ने विद्रोह को कुचलने के लिए क्या कदम उठाए ?



उत्तर : अंग्रेजों ने उपद्रव शांत करने के लिए कई कानून पारित किये—

(i) समूचे उत्तर भारत में मार्शल लॉ लागू किया गया और सैनिक अधिकारियों के साथ-साथ आम अंग्रेजों को भी ऐसे भारतीयों पर मुकदमा चलाने और सजा देने का अधिकार दे दिया गया जिन पर विद्रोह में शामिल होने का शक था।

प्रशासन

सेना → सैन्य शासन

(ii) कानून और मुकदमें की सामान्य प्रक्रिया रद्द कर दी गई और स्पष्ट कर दिया गया कि विद्रोह की केवल एक सजा हो सकती है सजा-ए-मौत।

(iii) अंग्रेजों ने सैनिक ताकत का भयानक पैमाने पर इस्तेमाल किया।

Q.51 1857 की क्रांति के लिए उतरदायी प्रमुख सैनिक कारण बताइए।



KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

भारतीय इतिहास के कुछ विषय

बंगाल सेना को पाँच रास्ता

किसान
↓
जमींदार
↓
नवाब

उत्तर : 1857 की क्रांति के लिए उत्तरदायी प्रमुख सैनिक कारण—

(i) अवध के सैनिकों में असंतोष

(ii) यूरोपीय अधिकारियों के द्वारा भारतीय सैनिकों के साथ अपमानजनक व्यवहार

(iii) सैनिकों में वेतन के मामले में असंतोष

(iv) चर्बी वाले कारतूस की अफवाह

Q.52 कला और साहित्य ने रानी लक्ष्मीबाई को 1857 की क्रांति की नायिका के रूप में कैसे पेश किया है ?

उत्तर : इतिहास लेखन की तरह कला और साहित्य ने भी 1857 की क्रांति के नायकों की स्मृति को चिरस्थायी बनाने में योगदान दिया है।

- राष्ट्रवादी कवयित्री सुभद्रा कुमारी चौहान ने रानी लक्ष्मीबाई की स्मृति में खूब लड़ी मर्दानी यो तो झांसी वाली रानी थी जैसी कालजयी कविता की रचना की।

KOLORS
make life better

भारतीय इतिहास के कुछ विषय

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

- रानी लक्ष्मी बाई को एक ऐसी मर्दाना शख्सियत के रूप में चित्रित किया जाता था जो दुश्मनों का पीछा करते हुए और ब्रिटिश सिपाहियों को मौत की नींद सुलाते हुए आगे बढ़ रही है।
- लोक छवियों में रानी लक्ष्मीबाई को प्रायः अन्याय और विदेशी शासन के दृढ़ प्रतिरोध के प्रतीक के रूप में चित्रित किया गया है।

Q.53 1857 की क्राति के प्रमुख परिणाम बताइए।





उत्तर : 1857 की क्रांति के प्रमुख परिणाम

(i) ईस्ट इण्डिया कम्पनी के शासन का अंत।

(ii) भारत सरकार अधिनियम 1858 से ब्रिटेन के भारतीय क्षेत्रों को ब्रिटिश रानी के नाम पर शासित किया जाने लगा।

(iii) घोषणा के द्वारा देशी राज्यों को विश्वास दिलाया गया कि भविष्य में भारत में ब्रिटिश प्रशासित राज्य का विस्तार नहीं किया जायेगा।

भारतीय इतिहास के कुछ विषय

(iv) 1857 की क्रांति के फलस्वरूप भारतीय लोगों में राष्ट्रीयता की भावना का विस्तार हुआ और भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन का प्रारंभ माना जाता है।

भारतीय इतिहास के कुछ विषय



उत्तर : औपनिवेशिक सरकार ने सर सिडनी रॉलेट की अध्यक्षता मे 1919 मे एक समिति गठित की। जिसके अनुसार अंग्रेजी सरकार ने प्रेस पर प्रतिबंध लगा दिया तथा बिना जाँच के केवल शक के आधार पर कारावास की सजा सुना दी जाती थी।

Q.55 भक्ति आंदोलन में शंकरदेव के योगदान पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।



उत्तर : शंकरदेव असम क्षेत्र में वैष्णव धर्म के मुख्य प्रचारक थे। उनके उपदेशों को भगवती धर्म कहकर संबोधित किया जाता है। शंकरदेव की प्रमुख काव्य रचना कीर्तनघोष है।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER



KOLORS
make life better

भारतीय इतिहास के कुछ विषय

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

Q.56 अशोक की धम्म नीति क्या थी?



उत्तर : नागरिकों के नैतिक उत्थान हेतु अशोक ने धम्म नीति लागू की। अशोक के धम्म के सिद्धांत बहुत ही साधारण एवं सार्वभौमिक थे जिसके अनुसार लोगों का जीवन इस संसार में और इसके बाद के संसार में अच्छा रहेगा तथा इसका उद्देश्य लोगों के जीवन को कल्याणकारी बनाना था।

जिसमें मुख्य रूप से शामिल था बड़ों का आदर करना, सन्यासियों तथा ब्राह्मणों के प्रति उदारता एवं सेवक और दासों के साथ उदार व्यवहार व दूसरे धर्मों के प्रति सहिष्णुता एवं परंपराओं का आदर।

अशोक ने धम्म नीति के प्रचार के लिए धम्म महामात्त नामक राजकीय अधिकारियों की नियुक्ति की। साथ ही कई इतिहासकारों का यह भी मानना है कि अशोक ने धम्म से साम्राज्य को अखंड बनाए रखने का प्रयास किया।

Q.57 छठी शताब्दी ईस्वी पूर्व से छठी शताब्दी ईस्वी तक कृषि के क्षेत्रों में आए मुख्य परिवर्तनों पर चर्चा कीजिए?

उत्तर : छठी शताब्दी ईसा पूर्व से छठी शताब्दी ईस्वी में उत्पादकता को बढ़ाने के लिए लोहे के फाल वाले हल का प्रयोग, गंगा की घाटी में धान की रोपाई, सिंचाई के लिए कुओं, तालाबों, नहरों का निर्माण एवम् पंजाब और राजस्थान जैसे अर्द्धशुष्क जमीन वाले क्षेत्रों में खेती के लिए कुदाल का प्रयोग महत्वपूर्ण परिवर्तन थे जो इस काल में दृष्टिगोचर होते हैं।

KOLORS
make life better

भारतीय इतिहास के कुछ विषय

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER



उपज बढ़ाने के साधनों पर नियंत्रण के कारण बड़े-बड़े जमींदार और ग्राम प्रधान अधिक शक्तिशाली हो गए तथा किसानों पर अधिक नियंत्रण स्थापित हुआ। शासक वर्ग ने भूमि दान के द्वारा कृषि को नए क्षेत्रों को प्रोत्साहित करने की नीति अपनाई।

KOLORS
make life better

भारतीय इतिहास के कुछ विषय

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

Q.58 कबीर एवं गुरू नानक देव की प्रमुख शिक्षाएं बताइए।



उत्तर : मध्यकालीन भक्ति आंदोलन में संत कबीर व गुरू नानक का महान योगदान है। कबीर और गुरू नानक देव को निर्गुण भक्ति परम्परा को लोकप्रिय बनाने का श्रेय है। । दोनों ही संतों ने मूर्तिपूजा के महत्व को अस्वीकार कर निराकार ईश्वर की उपासना पद्धति पर बल दिया। कबीर और नानक ने एक समान धार्मिक और सामाजिक बुराइयों का किया।

KOLORS
make life better

भारतीय इतिहास के कुछ विषय

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

इन दोनों संतों ने जाति प्रथा और सामाजिक भेदभाव को अस्वीकार कर दिया और धार्मिक पाखण्डों और विरोध किया। इन कर्मकाण्डों के प्रति जनसामान्य को जागृत करने का प्रयास किया। ये दोनों संत सरल जीवन और उपासना पद्धति के समर्थक थे। इस प्रकार कबीर और नानक धार्मिक उपदेशक होने के साथ साथ सामाजिक चिंतक भी माने जाते हैं।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER



Q.59 संविधान सभा ने भाषा के विवाद को हल करने के लिए क्या रास्ता निकाला ?



उत्तर :

(i) संविधान सभा में राष्ट्रीय भाषा का मुद्दा 3 साल से लगातार विवाद का विषय बना हुआ था। संयुक्त प्रांत के कांग्रेसी सदस्य आर वी धुलेकर हिंदी भाषा को राष्ट्रीय भाषा का दर्जा दिलवाना चाहते थे।

(ii) श्रीमती जी दुर्गाबाई, श्री शंकरराव देव, रामलिंगम चेट्टियार इत्यादि सदस्य हिंदी भाषा को राष्ट्रीय भाषा का दर्जा देने के पक्ष में नहीं थे।

(iii) संविधान सभा की भाषा समिति ने इस विवाद को हल करने के लिए अपनी रिपोर्ट पेश की जिसके अनुसार समिति ने राष्ट्रीय भाषा के सवाल पर हिन्दी के समर्थकों और विरोधियों के बीच पैदा हो गए गतिरोध को तोड़ने के लिए एक फार्मूला विकसित कर लिया था। समिति ने सुझाव दिया कि देवनागरी लिपि में लिखी हिंदी भारत की राजकीय भाषा होगी। परंतु इस फार्मूले को समिति ने घोषित नहीं किया था।

भारतीय इतिहास के कुछ विषय

समिति का मानना था कि हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाने के लिए हमें धीरे-धीरे आगे बढ़ना चाहिए। पहले 15 साल तक सरकारी कामों में अंग्रेजी का इस्तेमाल जारी रहेगा। प्रत्येक प्रांत को अपने कामों के लिए कोई एक क्षेत्रिय भाषा चुनने का अधिकार होगा। संविधान सभा की भाषा समिति ने हिंदी को राष्ट्रभाषा की बजाय राजभाषा कहकर विभिन्न पक्षों की भावनाओं को शांत करने और सर्वस्वीकृत समाधान पेश करने का प्रयास किया था।

हड़प्पा

Q.60 "एक नियोजित शहर के रूप में मोहनजोदड़ो आधुनिक शहरी व्यवस्था से कहीं आगे था"। टिप्पणी कीजिए



विशेषता

जल + मृद + भवन + संरचना

उत्तर : मोहनजोदड़ो अपने नगर नियोजन में सबसे विशिष्ट एवं प्रसिद्ध पुरास्थल था, जिसे निम्न बिंदुओं से समझा जा सकता है-

(i) एक नियोजित शहर दो भागो में विभाजित मोहनजोदड़ो एक नियोजित शहरी केन्द्र था जिसमें छोटा भाग जो ऊँचाई पर बनाया गया था, दुर्ग कहलाता था तथा दूसरा भाग निचला शहर था।

KOLORS
make life better

भारतीय इतिहास के कुछ विषय

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

पुरातात्विक उत्खनन से यह प्रतीत होता है की पहले शहर की विस्तृत निर्माण योजना बनाई गई तत्पश्चात निर्माण कार्य किया गया। निर्माण कार्य हेतु निश्चित अनुपात की धूप में पका कर तैयार की गई ईंटों का उपयोग लिया गया था।

(ii) दुर्ग — दुर्ग पर सार्वजनिक उपयोग की विशाल संरचानाएं जैसे- विशाल स्नानागार एवं अन्नागार प्राप्त हुई हैं तथा सुरक्षा की दृष्टि से दुर्ग को चारों तरफ से दीवार द्वारा किलेबंदी की गई थी।

(iii) निचला शहर — निचले शहर को चबूतरों पर बनाया गया था। जो सुरक्षा के साथ-साथ नींव का कार्य भी करते थे। साथ ही सुरक्षा की दृष्टि से निचले शहर को भी दीवार से घेरा गया था जो सुरक्षा के प्रति दृष्टिकोण को उजागर करता है।



(iv)सड़कें व सुनियोजित जल निकास प्रणाली — आज की नगर निगम संस्थाओं की तरह की मोहनजोदड़ों में पर्याप्त चौड़ी सड़कों के साक्ष्य मिले हैं जो ग्रीड पद्धति पर बनाई गई थी। साथ ही ऐसा प्रतीत होता है कि पहले सड़कों व नालियों का निर्माण किया गया। तत्पश्चात उसके आसपास घरों का निर्माण किया गया। घरों के गंदे पानी को गलियों की नालियों से जोड़ने के लिए प्रत्येक घर की कम से कम एक दीवार का गली से सटा होना आवश्यक था जो सामुदायिक स्वास्थ्य एवं स्वच्छता की ओर नागरिकों की उच्च महत्वाकांक्षा को प्रदर्शित करता है।

भारतीय इतिहास के कुछ विषय

(v) कुएँ — हड़प्पा के अधिकांश आवासों में कुएं मौजूद थे जो ऐसे कक्ष में बनाए गए थे, जिसमें बाहर से आया जा सकता था अर्थात जिनका प्रयोग राहगीरों द्वारा किया जा सकता था। विद्वानों के अनुसार मोहनजोदड़ों में लगभग 700 कुएँ थे।

(vi) गृह स्थापत्य — मोहनजोदड़ो के निचले शहर में आवासीय भवन थे। हर घर का ईटों का बना फर्श, अपना एक स्नानघर होता था, जिसकी नालियां दीवार के माध्यम न से से सड़क सड़क की की नालियों से जुड़ी होती थी।

भवनों में स्नानागार व थे। हर घर छत पर जाने हेतु सीढ़ियां इत्यादि का निर्माण किया गया था। कई आवासों में एक आंगन था जिसके चारों और कमरे बने हुए थे। भूमि तल पर दीवारो में खिड़कियों की की अनुपस्थिति व्यक्तिगत जीवन में निजता एवं एकांत को दिए जाने वाले महत्व को बताती है।

(vii) विशाल स्नानागार — दुर्ग प्राप्त संरचनाओं में सार्वजनिक प्रयोजन हेतु विशाल स्नानागार आंगन में बना एक आयताकार जलाशय है।

KOLORS
make life better

भारतीय इतिहास के कुछ विषय

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

जो चारों तरफ गलियारे से घिरा हुआ है तथा जलाशय को जलबद्ध करने हेतु उन्नत तकनीकों का उपयोग किया गया है जो मोहनजोदड़ो की सामुदायिक स्वच्छता के प्रति जागरूकता को प्रदर्शित करता है। उपर्युक्त विशेषताएं यह प्रदर्शित करती हैं कि मोहनजोदड़ो अपने समकालीन सभ्यता स्थलो से नगर नियोजन में कहीं आगे ही नहीं था वरन उसकी प्रासंगिकता वर्तमान समय के शहरी नियोजन से कमतर नहीं थी।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER



Q.61 भारत के मानचित्र में निम्न को अंकित कीजिए।



KOLORS
make life better

INI missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER



KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER



KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER



KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER



KOLORS®
make life better

missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER

★ अंतिम बात

1. 2 Qs. पढ़ो।
2. Underline → महत्वपूर्ण शब्द
3. खण्ड क
4. 10 min

